प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



मोदी के नेतृत्व में पश्चिम एशिया में भारत का बढ़ा कद पेज- 2

ओवरब्रिज से बस संचालन पर फिर उठे सवाल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 74 | बुधवार 04 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है : पीएम मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार



को बजट के बाद स्टेनिंग एंड स्ट्रेंथनिंग इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गत सप्ताह बजट वेबिनार सीरीज के पहले वेबिनार का आयोजन हुआ और मुझे ऐसा बताया गया कि वो बहुत सफल रहा। और बजट प्रावधानों के कार्यान्वयन को लेकर हर किसी ने काफी उत्तम सुझाव दिए। मैं सबकी सक्रिय भागीदारी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि आज इस सीरीज के दूसरे वेबिनार का आयोजन हो रहा है। मुझे बताया गया है कि आज हजारों की संख्या में ढेर सारे विषयों पर अनगिनत लोग अपने सुझाव देने वाले हैं और विषय के जो विशेषज्ञ हैं, वो भी हमसे जुड़ने वाले हैं। इतनी बड़ी तादाद में बजट पर चर्चा, ये भी अपने आप में एक बहुत सफल प्रयोग है। आप सब समय निकालकर इस वेबिनार में जुड़े, मैं आप सभी का अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वेबिनार की थीम देश के आर्थिक विकास को निरंतर मजबूती देने से जुड़ी हुई है। आज जब भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है, आज जब वैश्विक आपूर्ति चेन रीशेप हो रही है, तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। इस वेबिनार का विषय देश की आर्थिक वृद्धि को सुदृढ़ करना है। भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है, और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में परिवर्तन हो रहा है, ऐसे में तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का आधार बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें, और अब अधिक निर्यात की आवश्यकता है। हमारी दिशा स्पष्ट है। हमारा संकल्प स्पष्ट है। अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक संपर्क स्थापित करें, और अब अधिक निर्यात की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण भागीदारों की तलाश में है। भारत के पास यह अवसर है कि वह इसमें भूमिका निभाए। आज दुनिया विश्वसनीय और टिकाऊ विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। भारत के पास इस भूमिका को निभाने का एक मजबूत अवसर है। उन्होंने कहा कि अब हमें आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं, तो हमारा एक ही मंत्र होना चाहिए– गुणवत्ता, गुणवत्ता, गुणवत्ता। भारत ने बहुत सारे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम गुणवत्ता पर कभी भी समझौता न करें।

## खाड़ी देशों में फंसे लोगों की मदद को आगे आई महाराष्ट्र सरकार, हेल्पलाइन नंबर जारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। खाड़ी देशों में बने युद्ध के हालात के बीच वहां फंसे महाराष्ट्र के लोगों को सुरक्षित निकालने और हर संभव मदद पहुंचाने के लिए राज्य सरकार लगातार सक्रिय है। इसके लिए सरकार ने एक व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया है। सरकार को जानकारी मिली है कि महाराष्ट्र के



कई नागरिक खाड़ी देशों में मौजूदा तनाव की वजह से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और लगातार अलग–अलग एजेंसियों के साथ संपर्क में हैं। इसके साथ ही वे केंद्र सरकार से भी लगातार बातचीत कर रहे हैं, ताकि राज्य के लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने राज्य मंत्री गिरीश महाजन को खास तौर पर कोऑर्डिनेशन का जिम्मा सौंपा है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित विभागों, दूतावासों और अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर काम करें, ताकि किसी भी जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने में देरी न हो। राज्य सरकार का कहना है कि इस समय सबसे जरूरी है सही जानकारी इक–ा करना और फंसे हुए लोगों से सीधे संपर्क बनाना, ताकि उनकी स्थिति को समझकर उचित कदम उठाए जा सकें। केंद्र सरकार भी इस पूरे मामले में महाराष्ट्र सरकार के साथ खड़ी है और हर मुमकिन सहयोग दे रही है। विदेश मंत्रालय और अन्य संबंधित एजेंसियों के जरिए हालात पर नजर रखी जा रही है। जहां जरूरत होगी, वहां स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावासों की मदद से राहत और निकासी की व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में महाराष्ट्र सरकार ने दुबई में सक्रिय संगठन इंडियन पीपुल्स फोरम के साथ मिलकर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है ताकि खाड़ी देशों में फंसे लोग या उनके परिजन सीधे संपर्क कर सकें। जिन लोगों को किसी भी तरह की मदद, जानकारी या मार्गदर्शन की जरूरत है, वे इस व्हाट्सएप नंबर +97150 365 4357 पर संदेश भेज सकते हैं। सरकार ने अपील की है कि केवल जरूरतमंद लोग ही इस नंबर पर संपर्क करें और सही व पूरी जानकारी साझा करें ताकि राहत कार्य तेजी से किया जा सके।

## खामेनेई की मौत के बाद भारत में हाईअलर्ट, कानून-व्यवस्था के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

(एजेंसी) नई दिल्ली। मध्य पूर्व के हालात को देखते हुए भारत में हाईअलर्ट जारी किया गया है। गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों ने सभी राज्यों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया है, जिससे देश में शांति व्यवस्था बनी रहे। अमेरिका–इजरायल के हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के समर्थन में देश के विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, राज्यों में पुलिस–प्रशासन ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर भी सख्त चेतावनी दी है। नागरिकों से कहा गया है कि वे किसी भी तरह का आपत्तिजनक, भड़काऊ या अनचाहा कंटेंट पोस्ट, शेयर या फॉरवर्ड करने से बचें। अफवाहें और भ्रामक संदेश माहौल को बिगाड़ सकते हैं और कानून–व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं। पुलिस–प्रशासन ने कहा कि शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार का सम्मान किया जाता है लेकिन हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और सुरक्षा बलों के साथ टकराव किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसी घटनाओं से जान–माल का नुकसान होता है और पूरे समाज को परेशानी होती है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि किसी



भी तरह के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गैर–कानूनी गतिविधियों में शामिल तत्वों, भड़काने वालों और असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में कर्नाटक के बांदीपुरा जिले में मौजूदा हालात को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने आम नागरिकों से कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। पुलिस–प्रशासन ने कहा है कि क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए लोग किसी भी ऐसी गतिविधि से दूर रहें जिससे सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका हो। पुलिस की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि लोग तोड़फोड़, दंगा–फसाद, पत्थरबाजी या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी में शामिल न हों। ऐसा करना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि इससे आम जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों और दिहाड़ी मजदूरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हिंसा और अशांति की वजह से शैक्षणिक संस्थानों के बंद होने, आवाजाही में रुकावट और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ने की संभावना रहती है।

## टेक्सास में अंधाधुंध फायरिंग, भारतीय मूल की छात्रा समेत 4 की मौत; ईरान युद्ध से निकला लिंक

(एजेंसी) नई दिल्ली। टेक्सास की राजधानी ऑस्टिन में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में भारतीय मूल की 21 वर्षीय छात्रा सविता शान समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी अधिकारियों ने मृतकों में शान की पहचान की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक 53 वर्षीय हमलावर नडियागा डियाग्ने, जो सेनेगल मूल का अप्रवासी था, ने शहर के एक बीयर गार्डन के बाहर अपनी कार खड़ी की और आंगन में बैठे लोगों पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद वह कार से बाहर निकला और राहगीरों पर राइफल से गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे मौके पर ही मार गिराया। अधिकारियों के अनुसार, हमलावर ने ईरानी झंडे वाली टी–शर्ट और धार्मिक संदेश लिखी शर्ट पहन रखी थी। एफबीआई के कार्यवाहक विशेष एजेंट एलेक्स डोरान ने कहा कि हमलावर के संभावित आतंकी संबंधों की जांच की जा रही है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश्य पर जानकारी दी कि आतंकवाद–रोधी और खुफिया टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हाल ही में अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। टेक्सास विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जिम डेविस ने कैंपस समुदाय को भेजे ईमेल में शान की मौत पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि वह एक प्रतिभाशाली छात्रा थीं, जो दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने का सपना देख रही थीं।

### सूचना

समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सम्मानित सहयोगियों को सूचित किया जाता है कि होली के पावन पर्व के अवसर पर न्यूज़ वाणी कार्यालय दिनांक –5 मार्च को पूर्णतः बंद रहेगा। इन अवकाश दिवसों के कारण समाचार पत्र का अगला अंक दिनांक 6 मार्च को प्रकाशित किया जाएगा। आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

संपादक
न्यूज़ वाणी समाचार पत्र



# सम्पादकीय

## भारत और कनाडा के बीच हुए अहम समझौते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने बीते दिनों नई दिल्ली में एक दूसरे से मुलाकात की। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु ऊर्जा में लंबी अवधि के लिए यूरेनियम सप्लाई का एक.महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत रिएक्टरों पर साथ काम करेंगे। गौरतलब है कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी चार दिवसीय भारत दौरे पर थे। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में अहम समझौते हुए हैं। जिसके बाद भारत–कनाडा की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी पहली बैठक में ही दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नई ऊर्जा और परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है। भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं। मानवता की भलाई दोनों का साझा विजन है। इस विजन को नेक्स्ट पार्टनरशिप में ट्रांसफॉर्म करने पर चर्चा की है। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचे। आर्थिक सहयोग का पूरा पॉटेंशियल अनलॉक करना हमारी प्राथमिकता है। दोनों देशों के बीच निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कनाडा के पेंशन फंड्स ने भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि दोनों देश भविष्य की तकनीकों पर मिलकर काम करेंगे। भारत और कनाडा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और अधिक विस्तार देंगे। अंतरिक्ष के क्षेत्र में दोनों देशों के स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को एक–दूसरे से जोड़ने की योजना है। ऊर्जा के क्षेत्र में साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाने पर जोर दिया गया है। सहयोग के मुख्य क्षेत्रों में हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और एनर्जी स्टोरेज (ऊर्जा भंडारण) शामिल होंगे। इन प्रयासों को गति देने के लिए इसी वर्ष 'भारत–कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट' का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस और ग्लोबल बायोयूल अलायंस में शामिल होने के निर्णय का स्वागत किया। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने टर्म्स ऑफ रेफरेंस और जॉइंट पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर डिक्लेरेशन ऑफ इंटेंट के डॉक्यूमेंट्स एक्सचेंज किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भी मौजूद थे।


नफीस जाफरी

## होली पर जबरदस्ती रंग लगाने वाले रहे होशियार

### क़ानून नहीं देता है इसकी इज़ाजत

होली का त्योहार आते ही चारों ओर रंगघ्गुलाल का माहौल बन जाता है, लेकिन इसी खुशी के बीच कुछ लोग जबरदस्ती दूसरों पर रंग लगा देते हैं, जो बिल्कुल गलत है। कानून किसी को भी यह अधिकार नहीं देता कि वह 'बुरा न मानो होली है' कहकर आपकी इच्छा के खिलाफ रंग लगाए या छेड़छाड़ करे। होली के दिन भी आपकी सुरक्षा, निजता और सम्मान की रक्षा करने वाले कानून मौजूद हैं। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति आपकी मना करने के बावजूद रंग लगाने की कोशिश करता है, आपका पीछा करता है, छेड़छाड़ करता है या जोरघ्जबरदस्ती करता है, तो ऐसे मामलों में भारतीय दंड संहिता की अलग–अलग धाराएं तुरंत लागू हो सकती हैं। इसी मुद्दे पर मीडिया से खास बातचीत में दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट दीपक ठुकराल ने ऐसी धाराओं के बारे में बताया है, जिसके तहत आरोपी को सजा दिलाई जा सकती है और पीड़ित को न्याय मिल सकता है. आइए जानते हैं... भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के तहत किसी भी महिला की इच्छा के खिलाफ उसे छूना, जबरन रंग लगाना, गले लगाना या ऐसा कोई भी कार्य करना जो उसकी मर्यादा भंग करता हो, दंडनीय अपराध माना जाता है। होली के बहाने भी अगर कोई व्यक्ति महिला के साथ जोरघ्जबरदस्ती करता है, तो यह धारा सीधे लागू होती है। इस अपराध के लिए 1 साल से लेकर 5 साल तक की जेल हो सकती है और इसके साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एडवोकेट दीपक ठुकराल बताते हैं, कि इस मामले में पहले केस भारतीय दंड संहिता धारा 354 के तहत दर्ज किया जाता था। भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) के तहत बिना सहमति के किसी महिला को छूना, शारीरिक संपर्क करना, अश्लील इशारे करना, अभद्र हरकतें करना या कोई ऐसा व्यवहार करना जो उसे असहज महसूस कराए–सीधा अपराध माना जाता है। होली के मौके पर भी यदि कोई व्यक्ति जबरदस्ती करीब आने की कोशिश करे या अश्लील हरकत करे, तो यह धारा तुरंत लागू होती है। ऐसे मामलों में आरोपी को 3 साल तक की कैद या जुर्माना, या दोनों सजा दी जा सकती है। धारा 79 के तहत किसी भी महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से शब्द कहना, इशारा करना या कोई .त्य करना दंडनीय अपराध माना जाता है। होली के नाम पर अभद्र टिप्पणियां करना, गंदे इशारे करना या किसी महिला को परेशान करने वाला कोई भी व्यवहार इस धारा में आता है। ऐसे अपराध के लिए 3 साल तक की कैद और जुर्माना का प्रावधान है। धारा 115 (2) के तहत किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाना, जैसे जबरदस्ती रंग लगाते समय धक्का देना, मारना या केमिकल वाले रंग से जलन, चोट या नुकसान पहुंचाना, कानूनन अपराध है। होली के बहाने अगर कोई व्यक्ति किसी को ऐसे रंगों से नुकसान पहुंचाता है जिनसे त्वचा जल सकती है या चोट लग सकती है, तो यह धारा लागू होती है। इस अपराध के लिए 1 साल तक की कैद या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। धारा 270 के तहत सार्वजनिक उपद्रव करना दंडनीय अपराध है। होली के मौके पर सड़कों पर हंगामा करना, तेज आवाज में शोर मचाना, जबरदस्ती पानी–बाल्टी फेंकना, रास्ता रोकना या लोगों की आवाजाही में बाधा डालना, ये सभी सार्वजनिक उपद्रव की श्रेणी में आते हैं। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार जुर्माना लगाया जाता है। अन्य जरूरी बातेंः–महिलाओं या युवतियों को रंग लगाने के लिए न कहने का अधिकार है। सहमति के बिना किसी को रंग गुलाल लगाना कानूनन अपराध होता है। मजाक है या होली है कह कर अपराध से नहीं बच सकते हैं। शिकायत पर तुरंत कार्यवाही का प्रावधान होता है। अपराध के अनुसार अपराधी की तुरंत गिरतारी भी संभव है।

# मोदी के नेतृत्व में पश्चिम एशिया में भारत का बढ़ा क़द


गुलफिशा खान

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मध्य पूर्व के एकमात्र लोकतांत्रिक देश इजरायल की यात्रा पर थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा ऐसे समय हुआ था जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ था। युद्ध का खतरा चरम पर था। अमेरिका ने ईरान के आसपास सैन्य तैनातियां बढ़ा दी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल पहुंचे थे। भारत की बढ़ती ताकत से दुनिया का हर देश वाकिफ हो रहा है। एक समय पर भारत की पश्चिम एशिया में उपस्थिति बिल्कुल नहीं थी लेकिन आज स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। अब पश्चिम एशिया में भारत एक विश्वसनीय और साखदार हिस्सेदार बन गया है। पिछले दो–तीन महीनों का घटनाक्रम ही यह बताने को पर्याप्त है। 2025 दिसंबर में प्रधानमंत्री ने जॉर्डन और ओमान की यात्रा की थी। इस दौरान तमाम जियो पॉलिटिकल मुद्दों पर चर्चा हुई थी। इस साल जनवरी में अरब देशों के विदेश मंत्रियों ने ख़ासतौर से भारत की यात्रा की। जनवरी में ही संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत आए। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने पीएम मोदी से कई अहम मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा भी की। जिसके बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की इज़राइल यात्रा पर गए थे। जहां महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें पश्चिम एशिया से जुड़े मुद्दे भी शामिल थे। एक ओर जहां पश्चिम एशिया में लगातार स्थिति बदल रही है, वहां भारत एक महत्वपूर्ण प्लेयर बन कर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन ओमान यात्रा हो, अरब देशों के विदेश मंत्रियों और यूएई के राष्ट्रपति का भारत आना हो या अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इज़राइल जाना हो। यह दिखाता है कि भारत के सभी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। इस क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियां हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क़द का अंदाज़ा इस बात से भी लगा सकते हैं कि पश्चिम एशिया के कई देशों ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से नवाज़ा है। पूरा पश्चिम एशिया भारत को न्यूट्रल, क्रेडिबल और भरोसेमंद हिस्सेदार मानता है। उसी महीने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने महत्वपूर्ण वार्ता के लिए भारत की यात्रा की, जिसने दोनों देशों के बीच गहरे बंधन को और मजबूत किया। अब, प्रधान मंत्री की दो दिवसीय इज़राइल यात्रा एक और महत्वपूर्ण अध्याय को चिह्नित करती है, क्योंकि वह क्षेत्र में भारत के अद्वितीय संतुलन को बनाए रखते हुए जटिल क्षेत्रीय मुद्दों को संबोधित करते हैं। जबकि पश्चिम एशिया में तेजी से और अक्सर अशांत परिवर्तन हो रहे हैं, भारत एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है जिस पर हर तरफ से भरोसा है। चाहे वह जॉर्डन और ओमान के साथ जुड़ाव हो, अरब नेताओं की उच्च–स्तरीय यात्राएं हों, या इज़राइल तक रणनीतिक पहुंच हो, ये कार्य प्रत्येक प्रमुख हितधारक के साथ उत्.ष्ट संबंध बनाए रखने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं। यह क्षेत्र अब भारत को एक तटस्थ और भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखता है जो औपनिवेशिक हस्तक्षेप के ऐतिहासिक बोझ के बिना काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव के व्यापक पैमाने का प्रमाण इस बात से भी मिलता है कि कई पश्चिम एशियाई देशों ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। यह व्यक्तिगत और राज्य–स्तरीय सम्मान के स्तर को दर्शाता है जो साधारण व्यापार से परे है। इस क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारियाँ एक गहरी जड़ें जमा चुके गठबंधन में परिपक्व हो गई हैं, जिससे



यह एक विश्वसनीय हितधारक बन गया है जिसकी पश्चिम एशियाई दुनिया अब संतुलन, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए तलाश कर रही है। वहीं दूसरी ओर इजरायल की विशेष व्यापार और नवाचार दूत लेउर हसन–नहूम हसन–नहूम के अनुसार, भारत इजरायल का केवल एक बड़ा व्यापार साझेदार ही नहीं है, बल्कि साझा मूल्यों और इनोवेशन, विकास व मजबूती की समान सोच वाला देश भी है। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्रिपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग का जिक्र किया, खासकर प्रस्तावित भारत– मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक कॉरिडोर का। इस कॉरिडोर का उद्देश्य भारत को मिडिल ईस्ट और इजरायल के जरिए यूरोप से जोड़ना है, जिससे वैश्विक व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क में बड़ा बदलाव आ सकता है। उन्होंने कहा, "हम अपने लोगों और पूरे क्षेत्र की संयुक्त समृद्धि के लिए साथ मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं।" भारत– इजरायल संबंधों की एक खास बात प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच मजबूत तालमेल है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा थी। इससे पहले वे 2017 में ऐतिहासिक दौरे पर गए थे। नेतन्याहू की भारत यात्रा घरेलू कारणों से टल गई थी। हसन–नहूम ने कहा कि दोनों नेताओं का रिश्ता सिर्फ औपचारिक कूटनीति तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, "आखिर में यह दोनों के बीच केमिस्ट्री की बात है।" उन्होंने दोनों नेताओं को साहसी निर्णय लेने वाला बताया, जो अपने देशों के हित में परंपरागत सोच को चुनौती देने से नहीं डरते। उन्होंने दोनों नेताओं की पिछली मुलाकातों की चर्चित तस्वीरों का जिक्र किया, जिनमें भूमध्य सागर के किनारे नंगे पैर टहलना भी शामिल था। उन्होंने कहा कि यह प्रतीकात्मक तस्वीरें इनोवेशन, स्थिरता और नेतृत्व के साझा . ष्टिकोण को दिखाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेताओं को समान राजनीतिक दबाव और सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी आपसी समझ और मजबूत हुई है। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग दोनों देशों के संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत और इजरायल लंबे समय से आतंकवाद से जूझते रहे हैं, जिससे उनकी रणनीतिक सोच एक जैसी बनी है। हसन–नहूम ने कहा, "हम कई चुनौतियां साझा करते हैं," और मानसिकता, मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता में समानता की बात कही। आर्थिक क्षेत्र में उन्होंने भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते की संभावना को लेकर आशावाद जताया। उन्होंने कहा, "भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है।" उनके अनुसार, दोनों अर्थव्यवस्थाओं में स्वाभाविक तालमेल है. उन्होंने कहा कि इजरायल भारत को सिर्फ एक बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद साझेदार और मित्र के रूप में देखता है। प्रधानमंत्री मोदी का इजरायल की संसद 'केनेस्सेट' को संबोधित करना इस यात्रा का एक अहम भाग था। हसन–नहूम ने इसे बहुत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इजरायल यह सम्मान केवल अपने सबसे रणनीतिक सहयोगियों को देता है। उन्होंने कहा, "हम यह अक्सर नहीं करते।" उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में केवल कुछ ही नेताओं ने केनेस्सेट को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि इजरायल में मोदी को एक करिश्माई वैश्विक नेता के रूप में देखा जाता है, जिनकी बातों का प्रभाव होता है। इस दौरान हसन–नहूम ने अपने भारत से व्यक्तिगत संबंध का भी जिक्र किया और बताया कि उनके पति के परिवार की जड़ें कोलकाता से जुड़ी हैं।

# क्या मिडिल ईस्ट में दख़ल देंगे चीन और रूस?


फरीद वारसी

अमेरिका–इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो चुकी है, लेकिन जंग की आग ठंडी होने के बजाय और भड़कती नजर आ रही है। इस हमले ने न सिर्फ मिडिल ईस्ट को युद्ध की आग में झोंक दिया है बल्कि अब दुनिया की दो बड़ी महाशक्तियां रूस और चीन भी अमेरिकी कार्रवाई के खुलकर विरोध में उतर आई हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ कहा कि खामेनेई की अनैतिक तरीके हत्या की गई है और ये अंतरराष्ट्रीय कानून का शर्मनाक उल्लंघन है। चीन ने भी बेहद तीखा बयान दिया है। अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच युद्ध में खामेनेई की मौत के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को शोक संदेश भेजकर हमले की तीखी निंदा की है। पुतिन ने खामेनेई और उनके परिवार की 'हत्या' को मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का शर्मनाक उल्लंघन करार दिया। वहीं अब बात इजरायल की तो "इजरायल का मिडिल ईस्ट पर हक है, अगर वह उस पर कब्जा कर ले तो भी ठीक है..." इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी ने ये बयान ईरान पर इजरायल–अमेरिका के हमले से 10 दिन पहले दिया था। अब वही होता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अयातुल्ला अली खामेनेई समेत 40 टॉप कमांडरों की मौत के बाद ईरान बातचीत की टेबल पर आने को तैयार हो गया है। इजरायल और अमेरिका के हमलों से ईरान टूट गया है। ईरान को इन हमलों में कुल कितना नुकसान हुआ है, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी तो अभी सामने नहीं आई है, लेकिन ईरान के परमाणु संयंत्र से लेकर सेना मुख्यालय तक हमलों में तबाह हो गए हैं। मिडिल ईस्ट में ईरान ही है, जो इजरायल के सामने सिर उठाता था। लेकिन अब ईरान को भी इजरायल घुटनों पर ले आया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि मिडिल ईस्ट का बॉस इजरायल ही होगा। कभी अमेरिका की मदद से, तो कभी बगैर किसी मदद के। फटने वाले पेजर से लेकर सटीक मिसाइलों और बंकर उड़ाने वाले बमों तक, इजरायल ने गजा, लेबनान, यमन और अब ईरान में अपने बड़े विरोधियों को निशाना बनाकर खत्म किया है। हमास, हिजबुल्ला, हूती नेतृत्व और अब ईरान के शीर्ष कमान को करीब–करीब पूरी तरह खत्म कर दिया है। सच यह है कि इजरायल शायद ही कभी आज जितना ताकतवर दिखा हो। इजरायल और अमेरिका पिछले काफी समय से ईरान से बातचीत के जरिए चीजों को सुलझाने की कोशिश कर रहा था। अमेरिका ने साफ कर दिया था कि वह ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने दे सकता है। लेकिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पीछे हटने को तैयार नहीं थे। वह लगातार परमाणु शक्ति बनने की दिशा में काम कर रहे थे। ऐसे में खामेनेई की मौत को प्रतिरोध की धुरी के खात्मे की तरह देखा जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अब बातचीत करने के लिए तैयार हो गया है। हमलों से हुए नुकसान के बाद ईरान इस स्थिति में नहीं है कि वह अपनी शर्तें रख सके। ऐसे में इजरायल का दबदबा अब ईरान पर भी कायम रहेगा। मिडिल ईस्ट के देश यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देश पहले ही इजरायल के साथ संबंध सामान्य कर चुके हैं। यूएई और इजरायल में साल 2020 के बीच कई अहम समझौते हुए थे। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी हैं। इसके बाद से यूएई और इजरायल कई क्षेत्रों में समझौते कर चुके हैं। साल 2022 में दोनों देशों ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता किया। यह इज़रायल का किसी अरब राष्ट्र के साथ पहला ऐसा व्यापारिक समझौता था। 2024 में इज़रायल–यूएई व्यापार लगभग 3.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2025 में भी यह व्यापार लगभग 3.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। बहरीन से संबंधः ईरान–इज़रायल संघर्ष में बहरीन भी हमलों की रेंज में आया, और क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र कई जगह बंद हुआ। इसकी वजह है, इजरायल और बहरीन के संबंध, जो पिछले कुछ समय में बेहतर हुए हैं। बहरीन और इजरायल के संबंध 2020 के अब्राहम समझौते के तहत औपचारिक रूप से स्थापित हुए थे। इजरायल और बहरीन के बीच 2023–24 के दौरान व्यापार तेज़ी से बढ़ा, कई गुना वृद्धि दर्ज की गई. 2023 में इज़रायल ने बहरीन को +5.65 मिलियन का निर्यात किया। बहरीन ने इज़रायल को +16.5 मिलियन का निर्यात किया. 2024 की पहली छमाही में व्यापार 879▯ बढ़ा। मोरक्को से संबंधः



इजरायल और मोरक्को ने दिसंबर 2020 में अमेरिकी मध्यस्थता से अब्राहम अकॉर्ड्स के तहत औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। इसके बाद से दोनों के संबंध बेहतर होते जा रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी देश तेजी से आर्थिक आधुनिकीकरण और वैश्विक निवेश आकर्षण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसमें इजरायल इनका साथ दे रहे हैं। हालांकि, विकास के लिए क्षेत्रीय स्थिरता आर्थिक विकास की मुख्य शर्त है. लगातार युद्ध या तनाव न केवल निवेशकों का विश्वास कमजोर करते हैं, बल्कि विज़न 2030 जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के लिए आवश्यक पूंजी, तकनीक और साझेदारियों पर भी नकारात्मक असर डालते हैं। सऊदी अरब की विदेश नीति पर क्षेत्रीय अस्थिरता का सीधा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि विजिन 2030 के तहत आर्थिक विविधीकरण के लिए उसे सुरक्षित माहौल और बाहरी निवेश की जरूरत है। इसी कारण दोनों देश इज़रायल के साथ संबंधों को लेकर व्यवहारिक रुख अपनाते दिखते हैं। इजरायल ने जब अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, तो कोई उसके समर्थन में नहीं खड़ा हुआ। चीन और रूस जैसे ने भी समय पर ईरान का साथ नहीं दिया। हालांकि, यूएनएससी में जरूर ईरान पर हुए हमले की निंदा की. लेकिन ईरान की मदद के लिए मैदान में नहीं उतारा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या चीन और रूस जैसे देश मिडिल ईस्ट में इजरायल की धमक को बर्दाश्त करेंगे? चीन का रुख हमेशा से साफ रहा है, वो किसी युद्ध में सीधे शामिल होने से बचता है। उसका पूरा फोकस अपने व्यापार को बढ़ाने पर होता है। वहीं, रूस पिछले कई सालों से यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। यूक्रेन को अमेरिका का समर्थन हासिल है, ये जगजाहिर है। ऐसे में रूस नहीं चहेगा कि वह मिडिल ईस्ट में एक और मोर्चे पर अमेरिका के खिलाफ युद्ध में शामिल हो। ऐसे में लगता नहीं कि चीन और रूस मिडिल ईस्ट में इजरायल के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाएंगे।

# भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी

एआई के नए टूल्स आने से ना सिर्फ भारतीय टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। गौरतलब है कि गुजरे तीन दशकों में भारत में टेक सेक्टर उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है।

जिस समय बड़ी टेक कंपनियों के शेयर भाव में गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एवं सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की बैठक पर निगाहें टिकना लाजिमी है। दुनिया में तकनीक सेवादाता कंपनियों के शेयरों के भाव में गिरावट का सीधा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए टूल्स का सामने आना है। खासकर अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड ऐप पर ऐसी सेवाएं दी हैं, जिनसे राय बनी है कि वे वो काम करने में सक्षम हैं, जिनकी सेवाएं टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो आदि जैसी टेक कंपनियां देती रही हैं। इसलिए इस महीने ऐसी भारतीय कंपनियों के शेयरों के भाव रोजमर्रा के स्तर पर गिरे हैं।

भारतीय टेक शेयरों में गिरावट का बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का इनसे पैसा निकालना है। इस घटनाक्रम से ना सिर्फ भारत के टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। भारत में टेक सेक्टर अर्थव्यवस्था का सिर्फ एक क्षेत्र भर नहीं है। बल्कि गुजरे तीन दशकों में यह उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। पिछले साल टेक कंपनियों में 58 लाख कर्मी कार्यरत थे। आयकर आंकड़ों के मुताबिक भारत में स्थायी वेतन से होने वाली कुल आय में टेक कर्मियों का हिस्सा साढ़े 25 प्रतिशत से अधिक रहा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की कुल तनख्वाह से यह हिस्सा सवा तीन गुना ज्यादा है। एआई से यह क्षेत्र सिकुड़ा, तो जाहिर है, उससे भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

इसीलिए मंगलवार को हो रही नैसकॉम की बैठक को अहम माना गया है, जिसमें भारत में एआई को अपनाने की गति और उद्योगों पर उसका प्रभाव चर्चा का प्रमुख मुद्दा होंगे। भारतीय टेक कंपनियां आश्वासन देती रही हैं कि एआई के उपयोग से उनके कामकाज पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक एआई दौर की जरूरतों के मुताबिक वे तेजी से खुद को ढाल रही हैं। मगर जिस तरह पिछले वर्ष टीसीएस जैसी कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी की, उसके मद्देनजर ऐसे से आश्वासनों से ना तो बाजार का रुख बदला है, और ना ही सार्वजनिक चर्चाओं में अंदेशे घटे हैं। तो क्या आज की नैसकॉम की बैठक इस बारे में भरोसा बंधा पाएगी?

# जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया भरोसा, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मिलेगी पूरी आर्थिक सहायता

न्यूज वाणी ब्यूरो

गोरखपुर। योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे



लोगों को आश्वस्त किया कि वे बेफिक्र होकर अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं, सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जरूरतमंदों को उपचार के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके चिकित्सा इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता राशि समयबद्ध रूप से प्रदान की जा सके।होलिकोत्सव के अवसर पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों के बीच जाकर उन्होंने एक–एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि हर समस्या का प्रभावी और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि किसी को भी परेशान या भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और प्रत्येक समस्या का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए तथा पीड़ितों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाया जाए।जनता दर्शन के दौरान एक व्यक्ति ने किडनी की गंभीर बीमारी के उपचार में आर्थिक तंगी आड़े आने की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। कार्ड न होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने आश्वस्त किया कि धन की कमी इलाज में बाधा नहीं बनने दी जाएगी और विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसी प्रकार अन्य कई लोग भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की गुहार लेकर पहुंचे थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि कहीं भूमि कब्जा या दबंगई की शिकायत मिलती है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन में कुछ परिवार अपने बच्चों के साथ पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा चॉकलेट वितरित कीं।जनता दर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी जरूरतमंद को इलाज अथवा अन्य आवश्यक कार्यों में आर्थिक अभाव का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

# संविधान और मनरेगा को खत्म नहीं होने देंगे- उज्जवल रमण

प्रयागराज। इलाहाबाद लोकसभा के सदस्य उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार द्वारा संविधान कमजोर करने, किसानों और गरीबों की योजना मनरेगा को खत्म करने की साजिश को विफल करेंगी। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी कार्यालय पर आगामी 22 मार्च को भारतगंज, मांडा में प्रस्तावित



संविधान एवं किसान बचाओ रैली की तैयारी व मासिक बैठक को वे अपराह्न संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना नहीं गरीबों का हक था, इसमें सवाल और जवाबदेही थी। जी राम जी में नीतियां बदलती रहेगी , केंद्र और राज्य सरकारों का 60 और 40 प्रतिशत का योगदान से समस्याएं हल न होकर बढ़ेगी। सांसद ने रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेसजनों से जी जान से जुट जाने का आवाहन किया। आरोप लगाया की केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारें पूरी तरह निरंकुश और तानाशाह होने के साथ जन विरोधी हैं ,जिनका काम बुनियादी मुद्दों पर केंद्रित न हो नफरत फैलाना है। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी की लड़ाई का केंद्र रहे प्रयागराज में होने वाली रैली की गूंज पूरे देश को सरकार के खिलाफ नया संदेश देगी। बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी तथा संचालन हरिकेश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान यमुनापार अध्यक्ष अशोक पटेल किशोर वार्ष्णेय, अनूप त्रिपाठी, नयन कुशवाहा, परवेज़ सिद्दीकी, सुष्मिता यादव, प्रदीप द्विवेदी अफरोज अहमद, मानस शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, इश्तियाक अहमद प्रतिमा त्रिपाठी, सरताज मोहम्मद, कामेश्वर सोनकर, अहमदुल्ला , सुशील तिवारी, शकील अहमद, नाज़खान, जितेंद्र राय, नसरीन बानो, विशाल सोनकर ,मोहम्मद नसीम सहित अनेक मौजूद थे। बैठक में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामनेई की मौत पर 2 मिनट का मौन रख शोक व्यक्त किया गया।

# चंद्र ग्रहण का साया : सूतक लगते ही बंद हुए नैमिषारण्य के कपाट

## - शाम सात बजे प्रारम्भ हुए दर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, नैमिषारण्य। होली की खुमारी के बीच तीर्थनगरी नैमिषारण्य सहित पूरे जनपद में धार्मिक आस्था पर चंद्र ग्रहण का प्रभाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को लगने वाले खग्रास चंद्र ग्रहण के मद्देनजर सूतक काल प्रभावी होते ही विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। भोर की आरती के बाद थमे दर्शन मंदिर प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह परंपराओं का निर्वहन करते हुए प्रातः 5.30 बजे मां ललिता देवी की विधिवत आरती, विशेष पूजन और भोग अर्पित किया गया। इसके ठीक बाद, सुबह 6.20 बजे सूतक काल के कारण मंदिर के गर्भगृह के कपाट बंद कर दिए गए। मंदिर के पुजारी गोपाल शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का सूतक काल शुरू होते ही देव प्रतिमाओं का स्पर्श और पूजन वर्जित होता है। अब शाम को ग्रहण समाप्ति के बाद पूरे मंदिर



परिसर का शुद्धिकरण किया जाएगा, जिसके बाद शाम 7 बजे पुनः श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोले जाएंगे। प्रमुख मंदिरों में पसरा सन्नाटा नैमिषारण्य ही नहीं, बल्कि सीतापुर शहर के प्रमुख देवालयों में भी ग्रहण का असर दिखा। श्यामनाथ मंदिर और जंगली नाथ मंदिर के कपाट सुबह की पूजा के बाद बंद रहे।न हनुमान मंदिरों में भी पट बंद कर दिए गए हैं। श्रद्धालुओं ने सुबह जल्दी उठकर आरती में भाग लिया, जिसके बाद मंदिर समितियों नेहै शांति बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की।

क्या कहते हैं ज्योतिषाचार्य?। ज्योतिषाचार्य ज्ञानेंद्र अवस्थी के अनुसार, आज 3 मार्च को लगने वाला यह खग्रास चंद्र ग्रहण भारत में ग्रस्तोदित खंडग्रास के रूप में दिखाई देगा। ग्रहण की मुख्य बातेंरू नक्षत्र और राशिरू यह ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में लग रहा है। .श्य समय भारत में चंद्रोदय के समय ग्रहण लगा हुआ ही मिलेगा। शाम 6 बजे से 6.48 बजे तक इसका मोक्ष काल दिखाई देगा। विशेषता देश के अधिकांश हिस्सों में केवल ग्रहण की समाप्ति (मोक्ष) ही देखी जा सकेगी, जबकि पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में खग्रास की समाप्ति दिखेगी। प्रशासन और मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे ग्रहण काल के दौरान भजन–कीर्तन करें और मोक्ष के पश्चात स्नान–दान कर पुण्य लाभ कमाएं।

# होलिका दहन के पारंपरिक स्थल को लेकर तनाव

## - प्रशासन व ग्रामीणों के बीच गतिरोध बरकरार

## - नायब तहसीलदार की घंटों चली वार्ता रही बेनतीजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

महमूदाबाद, सीतापुर। होली के त्यौहार से पहले ढकवा ग्राम



पंचायत में माहौल गरमा गया है। बीती रात से शुरू हुआ विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब ग्रामीण अपने पूर्वजों के समय से चले आ रहे पारंपरिक होलिका दहन स्थल पर अड़ गए। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तनातनी को देखते हुए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य मार्ग के किनारे जिस स्थान पर वर्षों से होलिका दहन होता आ रहा था, पिछले दो–तीन वर्षों से प्रशासन और कुछ अन्य कारणों से उसे बदल दिया गया था। ग्रामीणों में इस बदलाव को लेकर लंबे समय से असंतोष था। इस वर्ष अपनी परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए ग्रामीणों ने उसी पुराने स्थल पर लकड़ियां और पूजन सामग्री एकत्र कर ली, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्कूल निर्माण और भूमि विवाद विवादित स्थल के समीप ही एक विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माणकर्ता जयराम कश्यप ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मेरा किसी से कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। यदि प्रशासन इस भूमि को विधिवत आवंटित कर देता है, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। वर्तमान में भूमि की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण ही यह भ्रम फैला है। प्रशासनिक दखल और गतिरोध मंगलवार को मामले की गंभीरता को देखते हुए महमूदाबाद तहसील से नायब तहसीलदार राकेश द्विवेदी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग से टस से मस नहीं हुए। घंटों चली बातचीत के बाद भी फिलहाल कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती शांति व्यवस्था बनाए रखना है। फिलहाल विवादित स्थल पर होलिका जलेगी या नहीं, इस पर सस्पेंस बरकरार है। एहतियात के तौर पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गांव पर पैनी नजर रखे हुए है ताकि त्यौहार के उत्साह में कोई खलल न पड़े।

# होली पर यातायात व्यवस्था में बदलाव, 4 मार्च को सुबह 9 बजे से लागू रहेगा डायवर्जन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ।होली के अवसर पर 4 मार्च 2026 को रंग खेलने तथा विभिन्न स्थानों से निकाले जाने वाले जुलूस एवं शोभा यात्राओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। 4 मार्च को प्रातः 9रू00 बजे से कार्यक्रमों की समाप्ति तक निर्धारित मार्गों पर डायवर्जन प्रभावी रहेगा।जारी व्यवस्था के अनुसार कैसरबाग अशोकलाट चौराहे से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात लाटूश रोड अथवा कैसरबाग बस अड्डा होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेगा। इसी प्रकार छतरी वाला चौराहा (सकरी सेंटर) से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर प्रतिबंधित रहेगा और वाहन पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या श्रीराम रोड होकर जाएंगे।गुइन रोड चौराहे से नजीराबाद चौराहे की ओर जाने वाला यातायात भी प्रतिबंधित रहेगा। यह यातायात पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या कैसरबाग बस अड्डा होकर निकलेगा। ख्यालिगंज तिराहे से नजीराबाद की ओर आवागमन बंद रहेगा और वाहन कैसरबाग बस अड्डा, गुइन रोड, पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या कैसरबाग अशोकलाट चौराहा होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे।श्रीराम रोड तिराहा कोनेश्वर चौराहे से सामान्य यातायात चौक चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में घण्टाघर, रूमीगेट चौकी चौराहा का उपयोग करना होगा। वहीं चौक चौराहे से कोनेश्वर चौराहे की ओर जाने वाला यातायात भी प्रतिबंधित रहेगा और वाहन रूमी गेट चौराहा एवं घण्टाघर होकर संचालित होंगे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जुलूस या शोभा यात्रा के दौरान निर्धारित डायवर्जन मार्गों पर भी यदि किसी नागरिक की चिकित्सकीय आपात स्थिति उत्पन्न होती है और वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है, तो एम्बुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस तथा स्कूली वाहनों को ट्रैफिक पुलिस अथवा स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार प्रतिबंधित मार्ग से भी जाने की अनुमति दी जाएगी।यातायात संबंधी किसी भी असुविधा या जानकारी के लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करते हुए सहयोग करें, ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

# पूर्व सांसद ने अर्पित सर्वेश को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रयागराज। प्रतापगढ़ जनपद के गौरव एवं विश्व रिकॉर्ड धारक सुप्रसिद्ध साहित्यकार अर्पित सर्वेश को उनकी अद्वितीय साहित्यिक उपलब्धि के लिए एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम माननीय सांसद संगमलाल गुप्ता के आवास पर आयोजित हुआ, जहां क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वनाथगंज के विधायक जीतलाल पटेल तथा संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अर्पित सर्वेश की साहित्यिक यात्रा, उनके योगदान और विश्व स्तर पर जनपद का नाम रोशन करने की उपलब्धि की भूरि–भूरि प्रशंसा



की। सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि अर्पित सर्वेश ने अपनी लेखनी के माध्यम से न केवल समाज को जागरूक किया है, बल्कि भारतीय साहित्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी दिलाई है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली साहित्यकार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका सम्मान पूरे प्रतापगढ़ क्षेत्र का सम्मान है। विधायक जीतलाल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि अर्पित सर्वेश की उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी विश्व पटल पर पहचान बनाई जा सकती है। अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जनपद को उन पर गर्व है। सम्मान समारोह के अंत में अर्पित सर्वेश ने सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# मातम में बदलीं खुशियां, भीषण आग में गरीब का आशियाना राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

सदरपुर, सीतापुर। जहाँ एक ओर पूरा देश होलिका दहन के उत्सव में डूबा था, वहीं जनपद के नदवा गाँव में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग



ने एक गरीब परिवार के सपनों को जलाकर राख कर दिया। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पीड़ित की झोपड़ी और उसमें रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

नदवा गाँव निवासी राजेंद्र (पुत्र मेवा लाल) के घर में अचानक आग भड़क उठी। झोपड़ी के अंदर गैस सिलेंडर रखा होने के कारण ग्रामीणों में अफरा–तफरी मच गई और लोग पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। गनीमत यह रही कि उसी दिन सिलेंडर की गैस खत्म हो गई थी, जिससे कोई बड़ा विस्फोट नहीं हुआ और एक भीषण जनहानि टल गई। पीड़ित राजेंद्र ने भरे मन से बताया कि इस अग्निकांड ने उन्हें सड़क पर ला खड़ा किया है। आग के कारण करीब 20 हजार रुपए (घर की जमापूंजी), अनाज, कपड़े, बर्तन और बिस्तर, पहचान पत्र और परिवार के सभी जरूरी कागजात सब कुछ आँखों के सामने जल गया। हम बस बेबस होकर देखते रह गए। अब न सिर पर छत बची है और न खाने को दाना। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय लेखपाल नरेंद्र कुमार और प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार तत्काल मौके पर पहुँचे। उन्होंने पीड़ित परिवार का ढांढस बँधाया और फौरी तौर पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार को शासन की ओर से जल्द ही उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# नैनी सेंट्रल और जिला कारागार में होली पर सख्ती

## 4 मार्च को मुलाकात बंद, बाहरी खाने पर रोक

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रयागराज। होली के त्यौहार से पहले ही सेंट्रल और जिला जेल में सख्ती के दी गई है। 4 मार्च को होली पड़ने के दौरान




मुलाकात ओर रोक हर बार की तरह लगाई गई है। इसके पहले होने वाली मुलाकात में मुलाकातियों के लिए भी सख्ती की गई है।

जेल में बंदियों से मुलाकात करने के लिए आने वाले उनके परिजनों की सघन तलाशी के बाद उन्हें अंदर भेजा जा रहा है। इसके साथ ही उनके सामानों की तलाशी ली जा रही है। बंदियों के समानों में किसी भी प्रकार का कोई बाहरी खाद्य पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं है। इसके लिए एक नोटिस भी चस्पा किया गया है। जेल में मुलाकात के लिए आने वाले मुलाकातियों पर भी सख्ती की गई है। सेंट्रल जेल में बंदियों को कुछ दिनों पहले ही हर्बल रंगों को बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। जो अब तैयार हो चुका है। बंदी जेल के अंदर होली खुद के बनाए हर्बल रंगों से होली खेलेंगे। यह रंग उनके शरीर को नुकसान भी नहीं पहुंचाएगा और उन्हें स्किन समस्या भी नहीं होगी। बंदियों को होली खेलने के लिए उनके सर्किल और बैरकों में ही समयानुसार निकला जाएगा। समय समाप्त होने के बाद वह अपने सर्किलों में रोज की तरह ही रहेंगे। जेल प्रशासन की ओर से बंदियों को होली के अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजन परोसा जाएगा। इसे लिए पहले से तैयारी की जा रही है। जिला जेल और सेंट्रल जेल में बंदियों को एक समय सादा खाना दाल, चावल, रोटी और सब्जी मिलेगी। दूसरी मीटिंग में पनीर की सब्जी, पूड़ी और सूजी का हलवा परोसा जाएगा। सेंट्रल जेल के अधीक्षक विजय विक्रम सिंह और जिला जेल अधीक्षक अमिता दुबे के मुताबिक जेल के बंदियों को भी होली का पर्व मनाने का पूरा हक है। इस पर्व पर वह जेल के अंदर साधारण तौर पर होली खेलेंगे। उन्हें हर्बल रंग दिया जाएगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# डीआईजी व एसपी ने पूजा-अर्चना कर किया होलिका दहन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। होली पर्व पर सभी प्रकार की नकारात्मकता, अहंकार और पाप के दहन के प्रतीक स्वरूप होलिका दहन के अवसर पर



पुलिस लाइन में पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पारंपरिक रीति रिवाजों व विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना कर होलिका दहन किया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिसकर्मी व उनके परिजन आदि मौजूद रहे।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' पर बैठक, सेवा तीर्थ के रूप में विकसित करने का आह्वान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 3 मार्च को कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल की अध्यक्षता में सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, निदेशकों एवं अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार



के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' संबंधी कार्यालय ज्ञापन के अनुपालन में आयोजित की गई।बैठक का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात आईक्यूएसी निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा ने 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' का वाचन किया और विश्वविद्यालय में सेवा–भाव आधारित कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने पर बल दिया।अपने संबोधन में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने 'कर्मयोगी' की भावना से कार्य करते हुए विश्वविद्यालय को 'सेवा तीर्थ' के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, नियमों एवं प्रक्रियाओं को त्वरित क्रियान्वयन के अनुरूप बनाने तथा निर्णयों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विद्यार्थियों के हित में एक 'सेवा चार्टर' तैयार करने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों से संबंधित विषयों पर समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराया जाना चाहिए।कुलपति ने शिक्षकों से अपने पेशे को 'नोबल प्रोफेशन' मानते हुए सेवा–भाव से कार्य करने की अपील की। अधिकारियों को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जन–प्रतिक्रिया को प्राथमिकता देने का संदेश देते हुए विकसित एवं समावेशी भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।बैठक में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने, अनावश्यक प्रक्रियाओं को समाप्त करने और कार्य संस्कृति में दक्षता लाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही शिक्षकों से विद्यार्थियों में उद्यमिता क्षमता, मानवीय मूल्यों और समस्या–समाधान कौशल विकसित करने का आह्वान किया गया।बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा 'सेवा भाव' से कार्य करने का आश्वासन दिया।

## शिया पीजी कॉलेज के सामने रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत, चालक बस लेकर फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के सीतापुर रोड पर स्थित शिया पीजी कॉलेज के सामने मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रोडवेज बस और मोटरसाइकिल की आमने–सामने टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार समय करीब 3रू20 बजे थाना स्थानीय पुलिस को दुर्घटना की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो पाया कि एक रोडवेज बस और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई है। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक जीशान (उम्र लगभग 35 वर्ष), निवासी राजेंद्रनगर, बाजारखाला, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए थे।मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवक को उपचार के लिए किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार बस चालक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संबंधित रोडवेज बस की पहचान कर उसे कब्जे में लेने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और दोषी चालक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाला वांछित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विवेचना के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति से रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाले वांछित अभियुक्त को पकड़ लिया है।

गौरतलब हो कि 02 मार्च को थाना कोतवाली नगर पर सलमान पुत्र सलीम द्वारा सूचना दी गई कि 28 फरवरी को मुहल्ले के व्यक्ति द्वारा रंगदारी व जान से मार देने की धमकी दी गई थी। सूचना पर तत्काल अभियोग दर्ज




करते हुए अभियुक्त को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अनस पुत्र इसरार को रामनिवास मंदिर के पास निम्नी पुलिया लोहार तलैया मर्दननाका थाना कोतवाली नगर के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त अनस पुत्र इसरार निवासी मर्दननाका कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 111/26 धारा 308(5)/115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दारा सिंह, कां0 दीपक साहू, कां0 महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# पैसों के विवाद में माता-पिता सहित चार की हत्या, खुद को भी किया घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसन्तपुर ऊदल के मजरा गावँ रामनगर में जमीन बिक्री के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही माता–पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना में एक बड़ा भाई घायल हुआ है, जबकि आरोपी ने स्वयं को भी घायल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के अनुसार, गुरूदेव पुत्र बदलू वर्मा निवासी बसन्तपुर ऊदल ने तहरीर देकर बताया कि एक मार्च की मध्यरात्रि करीब 12 बजे शोर सुनकर वह कमरे से बाहर निकले। बाहर आने पर देखा कि उनका छोटा भाई निरंकार, पिता द्वारा बेची गई जमीन और गहनों के पैसों को लेकर विवाद कर रहा था। इसी दौरान आवेश में आकर उसने कुल्हाड़ी से माता–पिता, दादी और बहन पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वादी गुरूदेव के अनुसार, आरोपी ने उन पर भी जानलेवा हमला किया, जिससे वह घायल हो गए। घटना के समय उनका पुत्र आजाद भी मौके पर मौजूद था। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसी बीच आरोपी ने ईंट से अपने सिर पर वार कर स्वयं को भी घायल कर लिया। मृतकों की पहचान बदलू राम (60) पुत्र राम फेरन, संजू देवी (56) पत्नी बदलू राम, पार्वती (लगभग 42) पुत्री बदलू राम तथा सिताला (80) पत्नी राम फेरन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी निरंकार पुत्र बदलू राम के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया। उसे जिला चिकित्सालय बहराइच में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। घायल गुरूदेव का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक बहराइच सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में जमीन बिक्री के पैसों को लेकर उत्पन्न विवाद को घटना का कारण माना जा रहा है। मामले की गहन विवेचना जारी है। गांव में शांति व्यवस्था सामान्य बताई जा रही है।

# मिशन शक्ति5.0 के तहत आलमबाग में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान, 54 थानों पर स्थापित किए गए मिशन शक्तिकेंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ।पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आलमबाग क्षेत्र में महिला सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना आलमबाग की टीम ने क्षेत्र में महिलाओं और बच्चियों को विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नंबर, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर अपराध से बचाव उपायों तथा यूपी कॉप एप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद के 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक निरीक्षक, एक अतिरिक्त निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक और एक महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की गई है। थानों पर आने वाली महिलाओं की शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।थाना आलमबाग की टीम द्वारा चलाए गए इस अभियान में महिला हे0का0 रितु प्रभाकर और महिला कांस्टेबल अंजना देवी ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, छात्राओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया



तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए।कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आपातकालीन सहायता हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (पुलिस सहायता), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्डलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) शामिल हैं। पुलिस टीम ने डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जिससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग और सोशल मीडिया उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई जा सके।इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक 'यूपी कॉप ऐप' की विशेषताओं, जैसे रियल–टाइम लोकेशन शेयरिंग और ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को संकट की स्थिति में आत्मविश्वास के साथ कार्य करने और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के लिए सक्षम बनाना रहा।अभियान के माध्यम से कानूनी अधिकारों के प्रति सजगता बढ़ाने, संकट की घड़ी में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने पर बल दिया गया।यह पहल केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में ऐसा सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण स्थापित करने का प्रयास है, जहां प्रत्येक महिला और बच्चा स्वयं को सशक्त और संरक्षित महसूस कर सके।

# होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक : प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। प्रमोद तिवारी सांसद एवं राज्यसभा में उप नेता प्रतिपक्ष तथा आराधना मिश्रा मोना विधायक एवं नेता कांग्रेस विधानमंडल दल, उत्तर प्रदेश ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।नेता द्वय ने अपने संयुक्त संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उदारता, समावेशिता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करता है तथा समाज में व्याप्त भेदभाव, ईर्ष्या–द्वेष और कटुता को समाप्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि होली हमें यह संदेश देती है कि हम सभी जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि मानें और एक–दूसरे के सुख–दुख में सहभागी बनें।उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं, फिर भी सभी एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। होली का पर्व इसी अनेकता में एकता की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करता है। रंगों के माध्यम से लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर नई शुरुआत करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।नेता द्वय ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता और आपसी विश्वास को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में होली का पर्व समाज को जोड़ने और प्रेम, शांति तथा सद्भाव का संदेश देने का सशक्त माध्यम बनता है। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे इस पर्व को पारंपरिक उत्साह के साथ–साथ आपसी सद्भाव, स्वच्छता और संयम के साथ मनाएं।अंत मेंनेता द्वय ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एक बार पुनः सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## मऊमें तमसा नदी पर पीपा पुल का शिलान्यास, एक सदी पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदमः ए के शर्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। ए के शर्मा, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री, ने मऊ जनपद में तमसा नदी के पावन तट स्थित हनुमान घाट पर पीपा




पुल के निर्माण हेतु विधिवत शिलान्यास कर क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। लंबे समय से लंबित इस परियोजना के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि यह दिन मऊ जनपद के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि लगभग 100 वर्षों से चली आ रही आवागमन की गंभीर समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तमसा नदी को पार करने में विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे जनजीवन के साथ–साथ व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित होती थीं।उन्होंने कहा कि पीपा पुल का निर्माण केवल दो भौगोलिक हिस्सों को जोड़ने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी दोनों तटों के बीच नई सहभागिता स्थापित करेगा। आसपास के दर्जनों गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।मंत्री ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। पुल के निर्माण से छात्र–छात्राओं को विद्यालय और महाविद्यालय पहुंचने में समय की बचत होगी, वहीं आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। इससे क्षेत्र के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और समग्र विकास को नई गति मिलेगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार संतुलित और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच बुनियादी ढांचे की खाई को पाटना, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। पीपा पुल का निर्माण इसी व्यापक सोच का हिस्सा है, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय प्रगति का मजबूत आधार बनेगा।मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैसे रंगों का यह पर्व समाज को एक सूत्र में बांधता है, वैसे ही यह विकास कार्य क्षेत्र को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगा।

## होली एकता, सौहार्द और पारस्परिक विश्वास का संदेश देती है रू अजय राय

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। अजय राय, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और पारस्परिक विश्वास को सुदृढ़ करने का अवसर है। यह पर्व हमें भेदभाव, कटुता और वैमनस्य को त्यागकर एक–दूसरे के साथ खुशियां साझा करने तथा समाज में सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि होली के रंग जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग का संचार करते हैं। यह पर्व हमें विविधताओं के बीच एकता का महत्व समझाता है और प्रेम व मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देता है। ऐसे अवसर पर समाज के सभी वर्गों को मिलकर भाईचारे की भावना को और प्रगाढ़ करना चाहिए।अजय राय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली का पर्व प्रेम, शांति और सद्भाव के साथ मनाएं तथा सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

—————————————

## सुरक्षित, मर्यादित और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं होली रू डीजीपी राजीव कृष्ण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ।राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त प्रदेशवासियों एवं उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक पर्व है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस उत्सव को सुरक्षित, मर्यादित और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का ही प्रयोग करें, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं तथा सार्वजनिक स्थानों पर शालीन आचरण बनाए रखें।पुलिस महानिदेशक ने विशेष रूप से यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपायों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान संयम, जिम्मेदारी और आपसी सम्मान का व्यवहार समाज में सकारात्मक संदेश देता है।उन्होंने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशभर में सतर्क है और नागरिकों के सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि होली का पर्व उल्लास और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

# सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर मुंब्रा के शियो में ग़म का माहौल।

संवाददाता

सैयद समीर हुसैन। मुंब्रा रूजुल्म के आगे कभी ना झुकने वाला देश ईरान जिसने अपनी ताकत और अपनी




हिम्मत से दुनिया भर को ये बता दिया के हम इमाम हुसैन अलहिसलाम के चाहने वाले है अली की मोहब्बत दिल में रख कर आखरी नबी पैगंबर मोहम्मद के नक्शे पर चलते है, हमें दुनिया की कोई ताकत हरा नही सक्ती,क्यों के ये देश और शिया कौन मरजइयत पर चलता है,ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की रहनुमाई पर पूरा ईरान चलता है,वही सुप्रीम लीडर जिसने दुनिया के सुपर पवार अमेरिका इजरायल को नाकों चने चबवा दिया,और सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई ने दुनिया को ये मेसेज दिया के जब हमने एक अल्लाह के आगे सजदा कर दिया तो हमारे सामने कोई सुपर पवार नहीं,अयातुल्लाह अल उजमा सैय्यद अली खामेनेई ने जिस तरह से दुनिया भर के सुन्नी शिया को एक होने का पैग़ाम दिया इससे उम्मते मुस्लिम में इत्तेहाद का मरकज बन गया था, शायद यही बात इजरायल अमेरिका को खटकने लगी, और शिया बहुल देश ईरान पर तरह तरह की पाबंदियां लगता रहा,और ईरान के टॉप कमांडरों को मौत के घाट उतार दिया,फिर भी ईरान अमेरिका के कब्जे में ना आते हुए तरक्की करता रहा,इसके पीछे ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई का बड़ा हाथ था,फिर ईरान के कुछ गद्दार धोखे बाज़ शैतान की मुखबिरी की वजह से सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई को 28 फरवरी 2026 की रात सुबह रोज़े की हालत में 30 बम बरसाकर शहीद कर दिया गया,और इजरायल अमेरिका समझ रहे है के उसने बहुत बड़ा काम कर दिया, अपनों ने ना कि होती गद्दारी तो सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई को कोई छू भी नहीं पाता,अयातुल्लाह के शहीद होने के बाद दुनिया भर के शियो में आक्रोश देखने को मिला और पूरी दुनिया में अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के समर्थन में और इजरायल अमेरिका के विरोध में प्रोटेस्ट होने लगा,अयातुल्लाह ाप मौत के बाद भौंकलाय ईरान 11 देशों पर अपनी ताकत का मुज़ाहरा करने लगा और इजरायल अमेरिका में तबाही मचा दी,अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर मुंब्रा में भी जगह जगह जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जरहा है,इसी गमगीन माहौल को देखते हुए मुंब्रा के बेहमन टावर से और भागे जहरा कांप्लेक्स से शिया सुन्नी ने मिल कर कैंडल मार्च जुलूस निकालते हुए अमेरिका इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए,इस जुलूस में एमआईएम पार्टी के कार्यकर्ता वर्तमान की नगर सेविका के पिता युनुस शेख भी मौजूद रहे,ईरान ने कसम खाली है के हम झुकेंगे भी मरेंगे या मरेंगे,लोगो के मन में ये भी सवाल है के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के बाद क्या अब ईरान लोगो को टक्कर दे पाएगा,इसी मुद्दे पर ईरान के रक्षा मंत्री ने बयान दिया था,हमारा देश और हमारा मिशन किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है हमें सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के जाने का बहुत बड़ा दुख है,पर एक खामेनाई मरोगे घर घर से खामेनेई निकलेगा,पर मिशन बंद नहीं होगा,अब देखना ये है के ईरान किस हद तक जालिमों को उनकी औकात दिखाएगा,पर इतना तो तय है एक मर्दे मुजाहिद था अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई,और एक ही सुपर पवार है ईरान।


## सूबेदारगंज-उधना होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 04155/04156 सूबेदारगंज-उधना विशेष रेलगाड़ी**

| 04155 सूबेदारगंज-उधना | | | 04156 उधना-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| (सोम,गुरू) | 11:40 | सूबेदारगंज | 21:00 | (बुध,शनि) |
| 13:10 | 13:12 | फतेहपुर | 18:58 | 19:00 |
| 14:55 | 15:00 | गोविंदपुरी | 17:35 | 17:40 |
| 16:30 | 16:32 | पुखरायाँ | 16:00 | 16:02 |
| 17:20 | 17:22 | उरई | 15:00 | 15:02 |
| 19:35 | 19:40 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 12:35 | 12:40 |
| 20:50 | 20:52 | ललितपुर | 10:38 | 10:40 |
| 23:00 | 23:05 | बीना | 09:40 | 09:45 |
| (मंगल,शुक्र)02:00 | 02:05 | रानी कमलापति | 06:30 | 06:35 |
| 03:40 | 03:50 | इटारसी | 04:25 | 04:35 |
| 07:50 | 07:55 | भुसावल | 22:15 | 22:20 |
| 08:53 | 08:55 | धरणगांव | 20:25 | 20:27 |
| 09:14 | 09:16 | अमलनेर | 19:57 | 19:59 |
| 10:40 | 10:50 | नंदुरबार | 18:30 | 18:40 |
| 12:10 | 12:12 | व्यारा | 17:02 | 17:04 |
| 13:15 | (मंगल,शुक्र) | उधना | (मंगल,शुक्र) | 16:15 |

**सूबेदारगंज से-** गाड़ी सं. **04155** (सोमवार एवं गुरूवार) दिनांक- **09.03.2026** से **30.03.2026** तथा **उधना से-** गाड़ी सं. **04156** (मंगलवार एवं शुक्रवार) दिनांक- **10.03.2026** से **31.03.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-07, स्लीपर श्रेणी-11, वाता. तृतीय श्रेणी-02

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 497/26 FA


# पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर खूनी संघर्ष

## – कुल्हाड़ी से हमला, चार गंभीर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। जिले के ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबा मजरे इटौरा बुजुर्ग में मंगलवार को दोपहर करीब 3.30 बजे पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी–डंडों के साथ कुल्हाड़ी से भी हमला कर दिया गया। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पीड़ित पक्ष के बृजेश मोर्य पुत्र रामप्यारी निवासी पूरे बाबा मजरे इटौरा बुजुर्ग के अनुसार, जमीन के बंटवारे को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। मंगलवार को इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि विपक्षी आकाश, विकास पुत्र गेंदालाल तथा गेंदालाल की पत्नी ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया और गाली–गलौज की।




विरोध करने पर पीड़ित के विकलांग चाचा जमुनालाल को भी बेरहमी से पीटा गया। आरोप है कि उन पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच–बचाव करने पहुंची शिवानी को भी चोटें आईं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिव प्रताप ने जान से मारने की नीयत से हमला करते हुए धमकी दी कि बहुत झगड़े देखे होंगे, लेकिन ऐसा नहीं देखा होगा। चार लोग गंभीर घायल मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का बयान थाना प्रभारी अजय राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना के बाद से आरोपी मौके से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# हत्या के अभियोग में वांछित बाल अपचारी गिरतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली पुलिस ने हत्या से संबंधित प्रकरण में वांछित एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्रवाई




की है। पुलिस के अनुसार थाना खागा पर पंजी.त मु0अ0सं0 63/26 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित 14 वर्षीय बाल अपचारी को मंगलवार को पुलिस हिरासत में लिया गया। आवश्यक पूछताछ के उपरांत उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के निर्देशानुसार बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा उक्त बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर अग्रिम वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्रवाई करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल अपराध निरीक्षक रामआशीष यादव वरिष्ठ उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव कांस्टेबल आकाश पाल महिला कांस्टेबल नीलम शामिल रहे।

# चेयरमैन पति अफजाल खान पर मुकदमा दर्ज

## - नानौता में 26 नामजद व 150 से 200 अज्ञात में मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। ईरान के अली हुसैनी अयातुल्ला खामेनेई



ईरानी शिया उलेमा राजनेता की अमेरिका इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से किये गए हमले में मौत हो गई है। जिसके गम में बीती रात सैकड़ों लोगों ने अमेरिका व इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर के अन्दर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया था। अब इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी द्वारा कार्यवाही करते हुए.बताया गया कि उक्त भीड़ उत्तेजित होकर नारेबाजी करते हुए नाईयो वाली गली से होकर मैन बाजार नाईयो वाली गली मीरकोट की ओर चले गए। उक्त हजूम सडक मार्ग को अवरूद्ध कर आपसी सौहार्द को बिगाड़ते हुए व उत्तेजित नारे लगाते हुए शांति व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने के आरोप में 26 लोगो को नामजद करते हुए तथा 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिनमे नाम दर्ज बब्लू जैदी पुत्र अले मोहम्मद, तफसीर हैदर पुत्र नसीर, अफजाल पुत्र सत्तार खान, आमिल कुरैशी पुत्र हाजी अकबर, सलमान मलिक पुत्र यासीन, मो मेहन्दी पुत्र मो अली, पयाम अहमद पुत्र मेहन्दी, बूटाराव पुत्र मकसूद खान, असलम पुत्र यासीन, रिहान हैदर पुत्र शबी उलहसन, मौलाना असद पुत्र तहजीबुल हसन, आजम खान पुत्र दिलशाद खान, हैदर अली पुत्र बसी हैदर, छोटा पुत्र मास्टर सफी, आमिर पुत्र जिल्ले हसन, हसन अली पुत्र मो काजिम, सददाम पुत्र पप्पू शेख, आरिफ पुत्र सफी, बिलाल पुत्र हुसैन मो, आशु पुत्र मुल्ला इदरीश, आकिल पुत्र वासिल, इमरान पुत्र शब्बू जैदी, हुसेन अली पुत्र मुस्तजाब हुसेन, वासी मलिक पुत्र शकील, उमर पुत्र भाई मिया सिददीकी, अली गौर पुत्र मसाहिद रजा निवासी नानौता जनपद सहारनपुर व 150 से 200 अज्ञात लोगो के खिलाफ धारा 189(3)/353 (1)बि/126 (2)/223 भारतीय न्याय सहिंता 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# होली पर राजधानी में निर्बाध जलापूर्ति का विशेष प्रबंध, जलकल विभाग और निजी एजेंसी अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ।होली के पर्व को देखते हुए राजधानी में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के जलकल विभाग ने व्यापक और विशेष तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। 4 मार्च को होली के दिन पूरे शहर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की जाएगी, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।नगर निगम के तीनों जलकल प्लांट तथा सभी ओवरहेड टैंक पूरे दिन पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सुबह 5 बजे से 9 बजे तक सभी जोनों में नलकूपों से सीधे पानी की आपूर्ति दी जाएगी, ताकि त्योहार के दिन अधिक जल उपयोग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा सके।होली के दौरान जल एवं सीवर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अभियंताओं को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है। उनके मोबाइल फोन सक्रिय रहेंगे, जिससे शिकायत मिलते ही मौके पर कार्रवाई की जा सके। जलापूर्ति संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जलकल विभाग ने कंट्रोल रूम नंबर 8177054100, 8177054003 और 8177054010 जारी किए हैं। नागरिक किसी भी प्रकार की जलापूर्ति बाधा की स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सकते हैं।सीवर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम की ओर से कार्यरत निजी कंपनी सूएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जल एवं सीवर प्रबंधन एजेंसी) का टोल फ्री नंबर 18003130522 जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल कर नागरिक सीवर जाम, ओवरफ्लो या अन्य संबंधित समस्याओं की शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली के मद्देनज़र आवश्यकता के अनुसार समय पर पानी का संग्रह कर लें और किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत संबंधित कंट्रोल रूम पर सूचना दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि त्योहार के दौरान राजधानी में जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु, संतुलित और प्रभावी बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि होली का उत्सव आनंद और सुविधा के साथ मनाया जा सके।

# होलिका दहन संग उड़ा गुलाल, आज बरसेगा रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फिल्मी तारानों के साथ शाम गहरी होते मटकते हुरियारे, बजते ढोल–नगाड़े और उड़ता रंग–अबीर गुलाल। शहर में शाम यही माहौल रहा। होलिका दहन के साथ ही हरे, नीले, पीले, रंग, अबीर गुलाल उड़ने लगे। ढोलक–मंजीरों की तान पर खूब फागों का दौर चला। पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन कराया।

कल (आज) शहर रंगों के पर्व में डूबा होगा, हुरियारे धमाल मचाएंगे। जगह–जगह हुरियारों की टोलियां घूमेंगी। एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर गले मिलेंगे और पर्व मनाएंगे। होलिका दहन को लेकर इस बार लोगों में असमंजस की स्थिति रही। पहली बार ऐसा हो रहा कि होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं बल्कि तीसरे दिन रंगोत्सव होगा। बीती रात शुभ मुर्हुत में विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इसके बाद एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर पर्व ही बधाई दी गई। होली के गीत जगह–जगह सुनाई देने लगे। कई जगह कॉकटेल के दौर भी खूब चले। वहीं किराना से लेकर मिठाई की दुकानों और रंग, गुलाल, पिचकारी की दुकानों पर जमकर लोगों की भीड़ उमड़ी। हालांकि हर्बल, रंग, गुलाल ज्यादा पसंद किए गए। पिचकारी, मुखौटे भी समेत बाजारों में अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी हुई। बच्चों ने मनपसंद पिचकारी ली। होली के साथ गन्ने की भी परंपरा जुड़ी हुई है। लोग होलिका दहन



के दौरान गेहूं की बाली को भून कर लाते हैं आग की तपिश के कारण बाली को हाथ से पकड़ कर भूनना आसान नहीं हैं इस कारण लोग गन्ने के पत्तों के साथ बाली को बांध देते हैं और उसे दूर से ही भून लाते हैं। होली के त्योहार पर इस बार गन्ने के दाम पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी बढ़े हुए हैं और लोग महंगे गन्ने खरीदने को मजबूर हैं। 30 रुपए से लेकर 50 रुपए तक गन्ने के जोड़े बाजारों में बिके। गेहूं की बाली व हरा चना भी 20 रुपए से लेकर 30 रुपए की गड्डी बनाकर बेचा गया।

# होली पर पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस नेता

## - स्वर्गीय हरिओम वाल्मीकि के परिजनों को भेंट की मिठाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्वर्गीय हरिओम वाल्मीकि की नृशंस हत्या ने जनपद ही नहीं, पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। यह घटना सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा पर गहरा आघात मानी गई। घटना के बाद से विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



लोक आस्था के पावन पर्व होली के अवसर पर कांग्रेस नेता शिवकांत तिवारी ने स्वर्गीय हरिओम बाल्मीकि के पिता, माता एवं बहन से भेंट कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने परिवार को उपहार स्वरूप मिठाई भेंट की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार अकेला नहीं है और न्याय की लड़ाई में पूरा सहयोग किया जाएगा। होली जैसे पावन पर्व पर यह मुलाकात सामाजिक सौहार्द और संवेदनशीलता का संदेश देती है।







# ओवरब्रिज से बस संचालन पर फिर उठे सवाल

## – आईजीआरएस के जरिए सीएम को भेजी शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रोडवेज बसों के ओवरब्रिज के ऊपर से संचालन को लेकर एक बार फिर व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रमुख (पिछड़ा वर्ग मोर्चा) अजीत कुमार सैनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

बताते चलें कि दो मार्च को अजीत कुमार सैनी रोडवेज बस संख्या यूपी–71टी/7762 से कानपुर से रेवाड़ी की ओर यात्रा कर रहे थे। रेवाड़ी चौराहे से पूर्व उन्होंने बस कंडक्टर से अनुरोध किया कि बस को ओवरब्रिज के नीचे से ले जाया जाए, क्योंकि पूर्व में परिवहन विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए जाने की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई थी। आरोप है कि कंडक्टर ने ऐसा कोई आदेश होने से इंकार कर दिया और बस को ओवरब्रिज के ऊपर से ही ले जाया गया। साथ ही उन्हें ऊपर ही उतार दिया गया, जिससे असुविधा का सामना करना पड़ा। शिकायत में कहा गया है कि यदि विभाग द्वारा बसों के संचालन को लेकर कोई स्पष्ट आदेश जारी है तो उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित चालक एवं कंडक्टर के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। श्री सैनी ने अपने शिकायत में यह भी मांग की है कि भविष्य में यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए जाएं तथा सभी रोडवेज बसों का संचालन ओवरब्रिज के नीचे से सुनिश्चित कराया जाए।

# आदर्श होलिकोत्सव में बच्चों ने गीतों पर किया नृत्य

## - सभी प्रतिभागी बच्चों व समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होलिका दहन पर चौधराना मोहल्ले में इंडियन



रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव व रजत श्रीवास्तव के नेतृत्व में आदर्श होलिकोत्सव शिव मंदिर परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में मोहल्ले के ही 21 बच्चों ने विभिन्न होली के गीतों में नृत्य कर प्रतिभाग किया। डांसिंग चेयर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। सभी बच्चों को पुरस्.त किया गया। साथ ही सभी वरिष्ठजनों एवं समाजसेवियों को टोपी, जय श्री कृष्ण पटका पहनाकर एवं अबीर गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले बच्चों में दिव्य, भव्य, नित्यांशी, रुद्रांशी, वन्य, विवान, अथर्व, अनुष्का, आद्या, अंश, भूमि, अद्विका, काव्या, अनन्या, तान्या, आरना, राधे, आराध्या, विधी, .धा रहे। अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं व पुरानी परम्पराओं को फिर से जीवित करने व सभी बड़े बुजुर्गों को एक साथ बुलाने का अनूठा प्रयास डॉ अनुराग द्वारा किया गया। स्वच्छताग्राही महेश के साथ शोएब निहाल, अर्पित व बिट्टी श्रीवास्तव को भी शाल, प्रतीक चिन्ह व जय श्री .ष्ण पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ अनुराग ने मोहल्लेवासियों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। कार्यक्रम में संदीप श्रीवास्तव, शोएब निहाल, रामजी श्रीवास्तव, वेदप्रकाश गुप्ता ने भी मनमोहक देशभक्ति व भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राम प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ श्याम बिहारी श्रीवास्तव, वेदप्रकाश गुप्ता, अशोक कुमार श्रीवास्तव, राकेश केसरवानी, अजय साहू, संजय श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, दिनेश श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, गजेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, उमेश कुमार श्रीवास्तव, वर्षा, दीपिका, ऐश्वर्या, रुपाली श्रीवास्तव, रामजी श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, उपेंद्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात:

पहले रोज़े का इफ्तार शाम 6:03 बजे

दूसरे रोज़े की सहरी सुबह 5:15 बजे

शिया हजरात:

पहले रोज़े का इफ्तार शाम 6:13 बजे

दूसरे रोज़े की सहरी सुबह 5:05 बजे

# आदर्श होली में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जीता दिल

## – इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारा करते मजबूत : राजकुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में रंगों के महापर्व होली के अवसर पर सिविल लाइन में आदर्श होली का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में न केवल रंगों की बौछार दिखी, बल्कि सांस्.तिक



कार्यक्रमों और सामाजिक सरोकारों का एक अनूठा संगम भी देखने को मिला, जिसने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सिविल लाइन के सभासद विनय तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाना था। प्रतियोगिता में बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजकुमार मौर्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सभासद विनय तिवारी ने आए हुए अतिथियों और क्षेत्रीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आदर्श होली का अर्थ है शालीनता और प्रेम के साथ त्योहार मनाना। मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य है और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन ने शहर में चर्चा बटोरी और लोगों को पारंपरिक व मर्यादित तरीके से होली मनाने की नई प्रेरणा दी।

# उत्तम उधोग व्यापार मंडल पत्रकारों संग ने मनाया होली मिलन

## - 11 से 19 मार्च तक रामलीला मैदान में होगी श्रीराम कथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड स्थित एक होटल में उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से पत्रकारों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ



एक–दूसरे को पारंपरिक गुलाल लगाकर और होली की शुभकामनाएं देकर किया गया। आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को सु.ढ़ करने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी ने श्री राम कथा के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 मार्च से 19 मार्च तक रामलीला मैदान ज्वालागंज में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन आपसी सहयोग से किया जा रहा है। कलश यात्रा 11 मार्च को कालिका मंदिर से रामलीला मैदान तक निकाली जाएगी जिसमें इच्छुक माताएं एवं बहनें शामिल होने हेतु 7007367077 पर संपर्क कर अपना नाम लिखा सकती है और जानकारी प्राप्त कर सकती है। मीडिया जगत के योगदान की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का त्यौहार है। मीडिया हमारे समाज का दर्पण है और इस पावन पर्व पर आप सभी के साथ खुशियां बांटना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। समारोह के अंत में जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि दिन हो या रात, धूप हो या बरसात, समाज को आईना दिखाने के लिए डटे रहने वाले मीडिया बंधुओं को नमन। इस मौके पर जय किशन, प्रशांत सिंह चौहान, अनिल महाजन, आकाश भदौरिया सहित उपस्थित रहे।

# होली में घर वापसी की मशक्कत, ट्रेनें व बसें फुल

## – निजी साधनों के साथ ही प्राइवेट वाहन बुक कर हो रही घर वापसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रंगो के त्योहार होली का हर किसी को इंतजार रहता है। ऐसे में परदेशी बाबू साल भर का इंतजार और आंखों में घर की चौखट पर पहुंचने की चमक के साथ ही दिल में अपनों के साथ गुलाल उड़ाने की हसरत लेकर घर वापसी का सपना संजोए रहते हैं। लेकिन त्योहार पर घर वापसी में उन्हे काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कारण हैं ट्रेनों



व बसों का फुल होना, इसके बावजूद परदेसियों का हौसला अब भी कम नहीं हुआ है लोग निजी साधनों के साथ ही प्राइवेट वाहनों को बुक कर घर वापसी कर रहे हैं। दोआबा के विभिन्न गांव व नगरों के लोग दिल्ली, सूरत, मुंबई, लुधियाना, पंजाब आदि महानगरों में रहकर रोजी रोटी का जुगाड़ करते हैं। जो होली के त्योहार पर घर वापसी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों के भरोसे प्रवासियों का सफर तय होता है। लेकिन ट्रेनों में कन्फर्म सीटें न मिलने के कारण प्रवासियों का संकट कम नहीं हो पा रहा है। यात्रियों का कहना है कि सीटे न मिलने के कारण या तो खड़े होकर सफर तय करना पड़ रहा है, या फिर प्राइवेट साधनों से लौटना पड़ रहा है। मंगलवार को भी त्योहार पर वापस आने वाले यात्रियों की स्टेशन पर भीड़ दिखाई दी। जिनके चेहरों पर थकान तो साफ दिख रही थी लेकिन घर पहुंचने की खुशी उस थकान पर भारी पड़ रही थी। दिल्ली से आने वाले सावन गुप्ता निवासी ज्वालागंज ने बताया कि दिल्ली से आने में लंबी वेटिंग के चलते टिकट तो करा लिया था लेकिन सीट कन्फर्म न होने के कारण खड़े होकर आना पड़ रहा है। बताया कि स्लीपर तो दूर एसी कोच में भी पैर रखने की जगह नहीं है। सूरत और मुंबई से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 200 के पार जा चुकी है।

### वापसी टिकटों के लिए मारामारी शुरू

परदेशी बाबुओं के सामने संकट सिर्फ घर वापसी का नहीं है बल्कि उन्हे अभी से वापसी की चिंता सताने लगी है। होली बीतने के बाद वे वापस अपने काम पर कैसे लौटेंगे, वापसी के लिए भी टिकटों की मारामारी शुरू हो चुकी है। जिससे परदेसियों का संघर्ष होली के बाद तक जारी रहने के कारण उन्होने पहले से ही कम वेटिंग का टिकट कन्फर्म होने की आस में करा लिया है।

### रोडवेज बसों में दिखी यात्रियों की भीड़

रोडवेज की बसों में यात्रियों की खासी भीड़ होने के कारण उसमें चढ़ने के लिए यात्रियों में मारामारी हो रही है। सबसे अधिक यात्री कानपुर, प्रयागराज, बांदा व लखनऊ जाने वाले बसों से यात्रा कर रहे हैं। जिन्हे बसों का इंतजार भी करना पड़ रहा है जबकि दूर दराज के जिलो में प्रवास करने वाले दोआबा के लोग या तो ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं या फिर प्राइवेट साधन के जरिए पहुंचने की कवायद।

# छिनैती कांड का खुलासा, तीन आरोपी बुलेट व माल सहित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरतार कर उनके कब्जे से लूटा गया माल व घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। बताते चलें कि 14 फरवरी को पवन कुमार निवासी आबूनगर थाना कोतवाली सदर ने खागा कोतवाली में तहरीर दी थी कि अज्ञात बुलेट सवार बदमाश उनकी पत्नी से हैंड बैग छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में खागा कोतवाली पर मु0अ0सं0 48/26 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजी.त किया गया था। एसपी के निर्देशन में गठित टीमों ने सर्विलांस और एसओजी की मदद से अकोड़िया रोड नहर पुलिया थाना खागा क्षेत्र से तीनों अभियुक्तों को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्तों में शिवम यादव निवासी ग्राम पाम्भीपुर थाना खागा, नागेन्द्र यादव निवासी शाहीपुर थाना हथगांव व तुफैल निवासी धूमनगंज थाना खागा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक हैंड बैग, 1450 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामदगी और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है। मुख्य अभियुक्त शिवम यादव पर पूर्व में भी थाना खागा में आबकारी अधिनियम व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं नागेन्द्र यादव व तुफैल का नाम भी इसी प्रकरण में प्रकाश में आया है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में खागा कस्बा चौकी प्रभारी अनीष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक किषन सिंह, सौरभ



सरोज, हेड कांस्टेबल अतुल श्रीवास्तव, कांस्टेबल बंटी कुमार, एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक विनोद यादव, हेड कांस्टेबल षैलेन्द्र कुषवाहा, कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह पटेल, बृजेष कुमार पाल, अमन सिंह, राहुल कुमार के अलावा सर्विलांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक षैलेष सिंह, हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, कांस्टेबल सन पटेल, अंकुष बाबू, अजय पटेल, षिवसुन्दर यादव शामिल रहे।

# फिल्म निर्माता के साथ चालीस हजार की धोखाधड़ी

## – पीड़ित ने एसपी से षिकायत कर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में जालसाजी के मामले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक फिल्म निर्माता भी अछूते नहीं रहे। फिल्म खरीदने के नाम पर एक ठग ने गूगल पे के जरिए चालीस हजार रूपए




की ठगी कर डाली। पीड़ित फिल्म निर्माता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए षिकायती पत्र में फिल्म निर्माता जयंत श्रीवास्तव पुत्र स्व0 रामसजीवन लाल श्रीवास्तव निवासी 530 आबूनगर थाना कोतवाली ने बताया कि उसनका जयन्त फिल्मस एण्ड इंटरटेनमेंट नाम का प्रोडक्षन हाउस है। उन्होने दो भोजपुरी फिल्मे प्रतिषोध व बसेरा का निर्माण किया। इन फिल्मों को बेंचने के लिए टीवी चैनलों व सोषल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रयासरत रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि रामसजीवन यादव निवासी मुंषी पुलिया षिवपुरी कालोनी, लखनऊ ने पूर्व फिल्म के कैमरामैन अनिल भोला के माध्यम से उनसे संपर्क किया और स्वयं को राश्ट्रीय चैनल का कर्मचारी बताया। फिल्म को खरीदने के लिए सरकारी षुल्क चालीस हजार रूपए गूगल पे के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर लिया। जानकारी करने पर पता चला कि राम सजीवन यादव कैमरे को किराए पर देता है। कई लोगों से धोखाधड़ी व जालसाजी करके पैसा लेकर भाग गया है। रामसजीवन यादव के विरूद्ध कार्रवाई किया जाना आवष्यक है। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई कि रामसजीवन यादव के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई जाए।

# सड़क पर डीजे बजा हुड़दंग की तो थाने में मनेगी होली

## - पुलिस ने हुड़दंगियों से निपटने के लिए बनाई रणनीति

## - पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होली पर मौहाल बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिये पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। तय हुआ है कि दो दिन रंग वाली होली मनाए जाने के चलते तीन और चार मार्च को पुलिस मुस्तैद रहेगी। सड़क रोक कर डीजे पर नाच गाना नहीं होगा। यातायात नहीं रोका जाएगा। किसी भी मार्ग पर वाहनों से गुजरने वाले लोगों के साथ अभद्रता नहीं होनी चाहिए। मिश्रित आबादी क्षेत्र में एलआईयू को सक्रिय किया गया है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उन स्थानों को चिह्नित करें जहां पूर्व में झगड़े हुए हैं। लोगों को पाबंद किया जाए। यदि किसी ने सड़क पर डीजे बजा कर हुडदंग की तो पुलिस ऐसे लोगों की होली थाने में मनवाएगी।

एएसपी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि होली पर खून खराबा न हो। सड़क हादसों में किसी की जान नहीं जाए। रतार पर अंकुश लगाने के लिए जगह–जगह पुलिस चेकिंग बैरियर लगाए गए हैं। ताकि नशे में वाहन दौड़ाने वालों को रोका जा सके। बाइक पर तीन और चार युवक तक चलते हैं। रोककर उनकी गाड़ी सीज की जा सके। यह सख्ती सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी है। पिछले पांच साल में होली के दिन जिन स्थानों पर झगड़े हुए हैं वहां पुलिस विशेष निगरानी कर रही है। थाना पुलिस सहित एक हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी ड्यूटी में रहेंगे। डायल–112 की गाड़ियों के साथ छह क्यूआरटी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हमराह के रुप में भी अलग से क्यूआरटी रहेंगी।

### होली पर इन बातों का रखें ध्यान

– होली प्रेम का त्योहार है, जबरन किसी को रंग नहीं लगाएं।

– नशे की हालत में बाइक कार न चलाएं, हेलमेट का प्रयोग करें।

– सड़क से गुजर रहे लोगों से अभद्रता न करें।

– छतों से गुब्बारे नहीं मारें, इस वजह से भी हादसा हो जाता है।

– गुलाल का टीका लगाएं, हर्बल रंगों से होली खेलें।

– ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से न उलझें।

– पुलिस कर्मियों पर भी जबरन रंग न डालें।

# होली व रमजान पर्व को लेकर पुलिस ने किया लैग मार्च

## – एसपी ने दी शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील, माहौल बिगाड़ने वालों को चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। होली व रमजान पर्व के बीच जनपद में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरती है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गोंपर गश्त की और जनमानस में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी अनूप कुमार सिंह ने जनपदवासियों से अपील की कि वे मिलजुल कर भाईचारे के साथ दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की नजर सभी संवेदनशील स्थानों पर बनी हुई है। होलिका दहन से पहले ही उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा। पर्व को खुशियों के साथ मनाएं और आपसी सौहार्द बनाए रखें। एसपी ने जनपदवासियों को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं भी दीं। पुलिस बल की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई और उन्होंने त्योहारों को शांतिपूर्ण बनाने का आष्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )